काजोल ने की अंजलि की याद ताजा

'कभी खुशी कभी गम' की 24वीं वर्षगांठ पर मनाया जश्न

बॉलीवुड की लोकप्रिय और प्रतिभाशाली अभिनेत्री काजोल ने अपनी सुपरहिट फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' के 24 साल पूरे होने का जश्न बड़े ही जोश और उत्साह के साथ मनाया.

यश जौहर निर्मित और करण जौहर निर्देशित यह फिल्म 14 दिसंबर 2001 को रिलीज हुई थी और तब से अब तक दर्शकों के दिलों में अपनी खास जगह बनाए हुए है. इस फिल्म ने न केवल बॉक्स ऑफिस पर सफलता हासिल की, बल्कि अपने यादगार संवादों, गानों और स्टार कास्ट के दमदार अभिनय की वजह से बॉलीवुड की क्लासिक फिल्मों में शुमार हो गई. फिल्म में अमिताभ बच्चन, जया बच्चन, शाहरुख खान, काजोल, ऋतिक रोशन और करीना कपूर ने अहम भूमिकाएँ निभाईं.

काजोल ने इसमें 'अंजलि' का किरदार निभाया, जो आज भी दर्शकों के लिए यादगार बना हुआ है. उनकी भूमिका ने दर्शकों को परिवार और रिश्तों के महत्व के बारे में सोचने पर मजबूर किया. काजोल ने इस खास मौके पर अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक पोस्ट साझा किया. इस पोस्ट में उन्होंने फिल्म से जुड़ी अपनी एक पुरानी फोटो भी शेयर की, जिसमें वह अपने किरदार अंजलि के अंदाज में नजर आ रही हैं. पोस्ट में काजोल ने यंग लड़कियों के लिए एक खास संदेश भी लिखा.

उन्होंने कहा, 'सभी अंजलियों से कहना चाहती हूं, खुद पर प्राउड फील करो. खुलकर जीओ. राहुल (कभी खुशी कभी गम का लीड कैरेक्टर, जिसे शाहरुख खान ने निभाया था) लेट हो सकता है, क्योंकि वह कहीं ट्रैफिक में फंसा होगा.' काजोल का यह संदेश केवल फिल्म के किरदारों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह युवाओं, खासकर लड़कियों को अपने जीवन में आत्मविश्वास और स्वतंत्रता के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है. उन्होंने अपने फैंस से अपील की कि वे जीवन में अपने निर्णयों और सपनों के प्रति सजग रहें और खुलकर जीने से कभी पीछे न हटें. 'कभी खुशी कभी गम' केवल एक पारिवारिक ड्रामा फिल्म नहीं थी, बल्कि इसने भारतीय सिनेमा में फैमिली रिलेशनशिप, प्रेम और समझौते की नई परिभाषा दी. इसके गाने जैसे 'बाबुल की दुआएं' और 'शावरम... शावरम' आज भी दर्शकों के बीच बेहद लोकप्रिय हैं.

सेकंड चांस की लड़ाई दिखाती है मेरी फिल्म : महिमा चौधरी

एक्ट्रेस महिमा चौधरी की फिल्म 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' उन कहानियों में से है, जो चुपचाप समाज के सबसे संवेदनशील सवालों को छेड़ देती हैं. फिल्म सेकंड चांस की बात करती है लेकिन सिर्फ शादी की नहीं, बल्कि जिंदगी की. इसमें दिखाया गया है कि कैसे सामाजिक दबाव, मर्यादा और नैतिकता के नाम पर इंसान अपने दिल की आवाज दबा देता है.

महिमा चौधरी बताती हैं कि जब फिल्म का पोस्टर रिलीज हुआ, तो उन्हें ढेरों मैसेज आने लगे. लोगों को लगा कि उन्होंने सच में अभिनेता संजय मिश्रा से शादी कर ली है. उन्हें खुद भी हैरानी हुई कि लोग बिना पूरी जानकारी के कितनी जल्दी नतीजे निकाल लेते हैं. फिल्म की शूटिंग का बड़ा हिस्सा बनारस में हुआ. महिमा कहती हैं कि बनारस उनके लिए सिर्फ लोकेशन नहीं, बल्कि एक एहसास बन गया. ब्लू लस्सी, घाटों के पास रहना और संजय मिश्रा का सादगी भरा जीवन इन सबने फिल्म के माहौल को असली बना दिया. सबसे अहम बात तब सामने आती है, जब महिमा अपने किरदार से जुड़ा डर साझा करती हैं. फिल्म में उनके इंट्रोडक्शन सीन में सिगरेट और शराब का जिक्र था. यह सुनते ही उनके मन में वही सवाल आया 'लोग क्या कहेंगे?' एक मां होने के नाते और अपनी इमेज को लेकर वह असमंजस में फंस गईं. लेकिन फिर उन्होंने डायरेक्टर से बात की और उस सीन को उम्मीद से जोड़ दिया. किरदार को ऐसा बनाया गया कि वह सिगरेट छोड़ने की कोशिश करता है और अंत तक छोड़ भी देता है.

'जेलर 2' में विद्या बालन की धमाकेदार एंट्री

रजनीकांत स्टारर 'जेलर' साल 2023 की सबसे बड़ी फिल्मों में शामिल रही थी. नेल्सन दिलीप कुमार के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर में करीब 600 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर इतिहास रच दिया था. फिल्म की सफलता के बाद से ही दर्शक इसके सीक्वल का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे. अब मेकर्स ने 'जेलर 2' को लेकर एक बड़ा अपडेट देकर इस इंतजार को और रोमांचक बना दिया है.

खबर है कि बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री विद्या बालन आधिकारिक तौर पर 'जेलर 2' की कास्ट का हिस्सा बन गई हैं. यह विद्या बालन का तमिल सिनेमा में पहला बड़ा प्रोजेक्ट होगा. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, विद्या को फिल्म की स्क्रिप्ट काफी पसंद आई है और उनका किरदार कहानी में बेहद अहम भूमिका निभाने वाला है. कहा जा रहा है कि वह एक ऐसा मजबूत और मल्टी-लेयर्ड कैरेक्टर निभाएंगी, जो फिल्म की कहानी को नया मोड़ देगा.

विद्या बालन की मौजूदगी से फिल्म को पैन-इंडिया लेवल पर और मजबूती मिलने की उम्मीद है. उनका नाम जुड़ते ही फिल्म की चर्चा बॉलीवुड और साउथ दोनों इंडस्ट्री में तेज हो गई है. 'जेलर 2' में रजनीकांत एक बार फिर अपने आइकॉनिक किरदार टाइगर मुथुवेल पांडियन के रूप में वापसी करेंगे. फिल्म का निर्देशन नेल्सन दिलीप कुमार कर रहे हैं, जबकि इसका निर्माण सन पिक्चर्स के बैनर तले किया जा रहा है. मेकर्स फिल्म को 14 अगस्त 2026 को ग्रैंड थिएट्रिकल रिलीज करने की योजना बना रहे हैं, ताकि लंबे छुट्टी वाले वीकेंड का फायदा उठाया जा सके.

अक्षय को याद आए पुराने दिन

स्ट्रीट फूड नहीं, बल्कि बीच पर वर्कआउट मिस करतेहैं



बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार, अक्षय कुमार, ने हाल ही में एक इंटरव्यू में अपने फैंस के साथ अपनी कुछ पुरानी यादें साझा की हैं.

सुपरस्टार बनने के बाद उनकी जिंदगी ग्लैमरस जरूर हो गई है, लेकिन इसके साथ ही उन्हें कुछ मिडिल क्लास वाली आदतों को छोड़ना पड़ा, जिन्हें वे आज भी मिस करते हैं. अक्षय ने बताया कि उन्हें बाहर का खाना या स्ट्रीट फूड का शौक नहीं है. इसलिए अब वड़ा पाव या पानी पूरी जैसे व्यंजन लेना उनके लिए संभव नहीं है. लेकिन सबसे ज्यादा उन्हें समंदर किनारे जाकर वर्कआउट करने की आदत याद आती है. वे कहते हैं कि पहले हर रोज़ सुबह या शाम वे बीच पर जाकर फिटनेस रूटीन पूरा करते थे और समुद्र की ठंडी हवा का मजा भी लेते थे. एक आम इंसान की तरह जीवन जीना और छोटी-छोटी खुशियों का आनंद लेना अब उनके लिए मुश्किल है.

अभिनेत्री आशिका पादुकोण का कहना है कि स्टार प्लस के शो 'शहज़ादी है तू दिल की' में उनका निभाया दीपा का किरदार मजबूत और आत्मनिर्भर है.

स्टार प्लस का नया शो 'शहज़ादी है तू दिल की 'लगातार दर्शकों के दिलों को छू रहा है, और इसके असर का एक बड़ा कारण आशिका पादुकोण द्वारा निभाया गया दीपा का भावुक किरदार है. दिल टूटने, ज़िम्मेदारियों और मजबूती के बीच जूझती एक मां की भूमिका निभा रहीं आशिका ने हाल ही में अपने किरदार और उसे पर्दे पर उतारते वक्त जुड़ी इमोशनल बातों को लेकर खुलकर बात की.

मेरा किरदार मजबूत और आत्मनिर्भर : आशिका पादुकोण

आशिका ने दीपा की मानसिक स्थिति पर बात करते हुए कहा कि उनका किरदार मजबूत और आत्मनिर्भर है, लेकिन भावनात्मक सहारे की उम्मीद में वह कहीं न कहीं नाज़ुक भी है. उन्होंने कहा, दीपा आत्मनिर्भर है, लेकिन कहीं न कहीं उसे उम्मीद थी कि भानु ज़िम्मेदारी निभाएगा. जब वह उम्मीद टूटती है, तो वह उसे अंदर से तोड़ देती है. मैंने उसी विश्वासघात, निराशा और बेबसी की भावना को महसूस किया, खासकर यह जानते हुए कि वह अपनी बेटी के भविष्य के लिए यहां तक आई है, और यही उनकी परफॉर्मेंस की भावनात्मक नींव को दर्शाता है.

सोनू निगम ने रिकॉर्ड किया दिल छू लेने वाला टाइटल ट्रैक

ज़ी टीवी अब अपना नया शो 'लक्ष्मी निवास' पेश करने जा रहा है. यह फैमिली ड्रामा भारत के मध्यमवर्गीय परिवारों के जज़्बातों को बड़ी खूबसूरती से दिखाता है, जहां सपने धीरे-धीरे पनपते हैं, और जिम्मेदारियां खामोशी से बढ़ती हैं. एक परिवार की सबसे बड़ी ख्वाहिश अक्सर एक ऐसे घर से शुरू होती है, जिसे वे अपना कह सकें. शो की कहानी लक्ष्मी (मानसी जोशी रॉय) और श्रीनिवास (राजेंद्र चावला) के सफर को दिखाती है, जिन्होंने 35 साल किराए के घर में बिताए हैं और अब भी अपने खुद के घर का सपना संजोए हुए हैं. इस कहानी को अपनेपन और जज़्बात से भर देता है शो का टाइटल ट्रैक, जिसे मशहूर गायक सोनू निगम ने अपनी सुरीली आवाज़ दी है. अपनी खास गायकी और हर गाने में जान डाल देने के लिए मशहूर सोनू निगम ने 'लक्ष्मी निवास' के लिए ये गाना रिकॉर्ड किया है, जो शो में जज़्बातों का एक खास रंग भर देता है. उनकी आवाज़ इस कहानी के सच्चे एहसास को गहराई से महसूस कराती है. शो का टाइटल ट्रैक 'लक्ष्मी निवास', और इसके साथ रोमांटिक धुन 'प्रियतमा', दोनों मिलकर प्यार, इंतज़ार और उस शांत जिद को खूबसूरती से दिखाते हैं जो लक्ष्मी और श्रीनिवास की दुनिया को एक खास पहचान देते हैं. अपना अनुभव बताते हुए सोनू निगम कहते हैं, 'लक्ष्मी निवास के लिए गाना मेरे लिए बेहद खुशनुमा अनुभव रहा. मैं अक्सर ऐसा नहीं कहता, लेकिन कभी-कभी कोई ऐसी रचना मिल जाती है, जो दिल में जगह बना लेती है. 'लक्ष्मी निवास' का टाइटल ट्रैक भी ऐसा ही है बहुत सरल, साफ और सच्चा.

भगवान शिव की भूमिका निभाना सम्मान है : अविनेश

अभिनेता अविनेश रेखी का कहना है कि सोनी सब के शो गाथा शिव परिवार की- गणेश कार्तिकेय में भगवान शिव की भूमिका निभाना उनके लिये सम्मान के साथ-साथ एक ज़िम्मेदारी भी है. सोनी सब का शो महागाथा गाथा शिव परिवार की- गणेश कार्तिकेय अपने भावपूर्ण प्रस्तुतीकरण से दर्शकों के दिल जीत रहा है. यह शो भगवान शिव के दिव्य परिवार की अनमोल कथाएँ, श्रद्धा और मूल्य को ऐसे अंदाज़ में प्रस्तुत करता है जो दर्शकों के साथ गहरे रूप से जुड़ी हुई हैं. इस शो में एक नया, शक्तिशाली आयाम जोड़ते हुए अभिनेता अविनेश रेखी अब भगवान शिव की गरिमामय भूमिका निभा रहे हैं. अपने प्रभावशाली ऑन-स्क्रीन व्यक्तित्व और भावनात्मक गहराई के लिए मशहूर अविनेश ने शिव की भूमिका में शक्ति और शांति का अनोखा मेल प्रस्तुत किया, जो कहानी को उनकी विशिष्ट शैली से और समृद्ध बनाता है. अविनेश रेखी ने कहा, 'भगवान शिव की भूमिका निभाना मेरे लिए सम्मान के साथ-साथ एक ज़िम्मेदारी भी है. यह चित्रण करोड़ों लोगों के लिए अत्यधिक श्रद्धा, गहराई और भावनात्मक महत्व रखता है और यही भावनात्मक समझ मेरी तैयारी का मार्गदर्शक रही. एक अभिनेता के रूप में, मैं इस पूजनीय किरदार को अपना योगदान देने को लेकर वास्तव में उत्साहित हूँ.

जलेबी और फाफड़े के साथ कार्तिक मस्त



बॉलीवुड के चार्मिंग स्टार कार्तिक आर्यन ने हाल ही में अहमदाबाद में अपनी आगामी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' के प्रमोशन के दौरान अपने फैंस के साथ एक खास पल साझा किया. इस दौरान कार्तिक ने दिल के आकार की जलेबी और कुरकुरे फाफड़ा का लुत्फ उठाया, जिसे देखकर फैंस भी काफी खुश हुए. कार्तिक ने इस मजेदार और प्यारे पल की झलक अपने इंस्टाग्राम पेज पर साझा की. वीडियो में देखा जा सकता है कि वह दिल के शेप वाली जलेबी को दो हिस्सों में तोड़ते हैं और फिर उसका स्वाद लेते हुए मुस्कुराते हैं. इसके अलावा उन्होंने कुछ तस्वीरें भी पोस्ट कीं, जिनमें वह मिठाई के साथ पोज़ देते हुए और फाफड़ा से भरी प्लेट के साथ नजर आए. इस पोस्ट के कैप्शन में कार्तिक ने अपनी आगामी फिल्म के गाने 'तेनु ज़्यादा मोहब्बत कर बैठे' का जिक्र किया. यह गाना फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' के साउंडट्रैक का हिस्सा है और प्यार के नाज़ुक पहलू को दर्शाता है.

कार्तिक ने पहले कहा था कि कभी-कभी दिल टूटना भी 'प्यार का एक रंग' होता है. फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' दो ऐसे लोगों की कहानी है, जो आत्म-खोज की अपनी यात्राओं के दौरान एक-दूसरे से प्यार कर बैठते हैं, लेकिन पारिवारिक और सामाजिक दबाव उनके रिश्ते की परीक्षा लेता है. फिल्म के गीत और रोमांटिक सीन दर्शकों के बीच प्रेम और भावनाओं की गहराई को उजागर करते हैं. फिल्म का रिलीज़ डेट भी सामने आ गया है. 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' इस वर्ष 25 दिसंबर 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है.

खुली छत वाली मिनी कूपर एसआई हुई लॉन्च

मिनी इंडिया ने प्रीमियम कार सेगमेंट में अपनी नई पेशकश मिनी कूपर एस कन्वर्टिबल को भारतीय बाजार में लॉन्च कर दिया है. कंपनी ने इस कार की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 58.50 लाख रुपये तय की है, जिससे यह देश की सबसे किफायती कन्वर्टिबल कार बन गई है. मिनी कूपर एस कन्वर्टिबल को दो दरवाजों वाले डिजाइन में पेश किया गया है, जिसमें खुली छत की आज़ादी और मिनी की पारंपरिक पहचान को बरकरार रखा गया है.

इसमें फोल्डिंग रूफ, यूनियन जैक डिजाइन वाली टेल लाइट्स और 18 इंच के अलॉय व्हील्स दिए गए हैं, जो इसे स्पोर्टी लुक देते हैं. इसका टेलगेट नीचे की ओर खुलता है और सीमित वजन सहन करने में सक्षम है. इस कार में 2.0 लीटर का चार सिलेंडर टर्बो पेट्रोल इंजन दिया गया है, जो 204 बीएचपी की पावर और 300 न्यूटन मीटर का टॉर्क पैदा करता है. यह इंजन 7 स्पीड ड्यूल क्लच ऑटोमैटिक गियरबॉक्स से जुड़ा है.

कंपनी के अनुसार यह कार 6.9 सेकंड में शून्य से 100 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार पकड़ लेती है और इसकी टॉप स्पीड 237 किलोमीटर प्रति घंटा है. केबिन में 9.4 इंच का सर्कुलर ओएलईडी टचस्क्रीन, पावर्ड फ्रंट सीटें, हेड अप डिस्प्ले और प्रीमियम साउंड सिस्टम जैसे फीचर्स दिए गए हैं. इलेक्ट्रिक फैब्रिक रूफ को चलते समय 30 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार तक खोला या बंद किया जा सकता है. माना जा रहा है कि यह मिनी की आखिरी पेट्रोल इंजन वाली कन्वर्टिबल कार हो सकती है.

नई एमजी हेक्टर भारत में लॉन्च

वाहन निर्माता एमजी मोटर इंडिया ने मिड साइज एसयूवी सेगमेंट में अपनी लोकप्रिय गाड़ी नई एमजी हेक्टर को भारतीय बाजार में लॉन्च कर दिया है. कंपनी की ओर से इस एसयूवी को कई अहम बदलावों और आधुनिक तकनीक के साथ पेश किया गया है. नई एमजी हेक्टर को 'डिज़ाइंड टू सरप्राइज' थीम के तहत उतारा गया है, जिससे साफ है कि कंपनी ने इसके डिज़ाइन, फीचर्स और तकनीकी पक्ष पर खास ध्यान दिया है.

नई एमजी हेक्टर को ग्राहकों के लिए पांच सीट और सात सीट के विकल्पों में उपलब्ध कराया गया है. इसके बाहरी लुक में भी बदलाव किए गए हैं. इसमें नई ऑरा हेक्टर फ्रंट ग्रिल, नया डिजाइन वाला बंपर और नए अलॉय व्हील दिए गए हैं, जो एसयूवी को पहले से ज्यादा आकर्षक और प्रीमियम बनाते हैं. कंपनी ने इसमें दो नए रंगों के विकल्प भी जोड़े हैं, जिनमें सेलेडॉन ब्लू और पर्ल व्हाइट शामिल हैं.

फीचर्स के मामले में नई एमजी हेक्टर को काफी मजबूत बनाया गया है. इसमें सेगमेंट में पहली बार आई-स्वाइप टच जेस्चर कंट्रोल फीचर दिया गया है. इसके साथ ही 14 इंच का पोर्ट्रेट इंफोटेनमेंट सिस्टम, डिजिटल ब्लूटूथ चाबी, रिमोट एसी, 17.78 सेंटीमीटर का डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर और 360 डिग्री कैमरा भी दिया गया है. इंटीरियर में ड्यूल टोन थीम, हाइड्रा ग्लॉस फिनिश, एंबिएंट लाइट और पीएम 2.5 एयर फिल्टर मौजूद है, जिससे यात्रियों को ज्यादा आराम और बेहतर केबिन अनुभव मिलता है.

सुरक्षा के लिहाज से नई एमजी हेक्टर में लेवल-2 एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम दिया गया है. इसके अलावा एंटी लॉक ब्रेकिंग सिस्टम, इलेक्ट्रॉनिक ब्रेक फोर्स डिस्ट्रीब्यूशन, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी प्रोग्राम, हिल होल्ड कंट्रोल, ब्रेक असिस्ट और ट्रैक्शन कंट्रोल सिस्टम जैसे फीचर्स भी शामिल किए गए हैं. कंपनी के अनुसार इसमें 70 से अधिक कनेक्टेड फीचर्स दिए गए हैं, जो इसे तकनीक के मामले में सेगमेंट में आगे रखते हैं.

इंजन की बात करें तो नई एमजी हेक्टर में 1.5 लीटर क्षमता का टर्बो पेट्रोल इंजन दिया गया है, जो 143 पीएस की पावर और 250 न्यूटन मीटर का टॉर्क देता है. इस एसयूवी में मैनुअल और सीवीटी ट्रांसमिशन दोनों के विकल्प उपलब्ध कराए गए हैं.

सस्ती कीमत में स्टड्स का नया हेलमेट

देश में बढ़ते सड़क हादसों को देखते हुए हेलमेट निर्माता स्टड्स ने भारतीय बाजार में नया हाफ फेस हेलमेट जेट टॉक्सिक लॉन्च किया है. कंपनी ने इसे खास तौर पर उन दो पहिया वाहन चालकों के लिए पेश किया है, जो रोजमर्रा की यात्रा में किफायती कीमत पर बेहतर सुरक्षा और आराम चाहते हैं. स्टड्स जेट टॉक्सिक हेलमेट को मजबूत एबीएस शेल से तैयार किया गया है, जो दुर्घटना की स्थिति में सिर को बेहतर सुरक्षा देता है.

हेलमेट के अंदर प्रीमियम क्वालिटी का कुशनयुक्त लेदरेट लाइनर लगाया गया है, जो पसीना सोखने में मदद करता है और लंबे समय तक पहनने पर भी आराम बनाए रखता है. इसके साथ ही इसमें जंगरोधी स्टेनलेस स्टील बकल दिया गया है, जिससे हेलमेट की पकड़ मजबूत रहती है. इस हेलमेट में खास डिजाइन वाला छोटा चॉपर वाइजर लगाया गया है, जो हवा के बेहतर प्रवाह में मदद करता है और राइडिंग के दौरान आंखों को धूप और धूल से बचाता है. कंपनी के अनुसार जेट टॉक्सिक को शहरी सड़कों पर रोजाना इस्तेमाल के लिए डिजाइन किया गया है, जहां हल्का वजन और आराम सबसे अहम होता है.

सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए स्टड्स जेट टॉक्सिक को भारतीय मानक संस्थान का आईएसआई प्रमाणन भी प्राप्त है. कंपनी का दावा है कि यह हेलमेट सुरक्षा और स्टाइल का संतुलित मेल है, जिससे राइडर्स को समझौता नहीं करना पड़ेगा. स्टड्स ने इस हेलमेट की शुरुआती कीमत 1245 रुपये रखी है.

2026 मॉडल के लिए अपडेट हुई पल्सर 150

बजाज ऑटो की लोकप्रिय मोटरसाइकिल श्रृंखला पल्सर को लेकर बड़ी खबर सामने आई है. कंपनी की सबसे ज्यादा बिकने वाली बाइकों में शामिल बजाज पल्सर 150 अब बड़े अपडेट के साथ बाजार में दस्तक देने की तैयारी कर रही है. हाल ही में इस बाइक को टेस्टिंग के दौरान देखा गया है, जिससे संकेत मिलते हैं कि कंपनी 2026 मॉडल ईयर के लिए इसे नए लुक और कुछ आधुनिक फीचर्स के साथ पेश करने जा रही है. बजाज ऑटो के प्रबंध निदेशक राजीव बजाज पहले ही साफ कर चुके हैं कि वर्ष 2026 में पल्सर लाइन-अप में कई अहम बदलाव देखने को मिलेंगे.

खास बात यह है कि पल्सर ब्रांड के 25 साल पूरे होने के मौके पर कंपनी तीन नई पल्सर मोटरसाइकिलें भी लॉन्च करेगी. इसके साथ ही मौजूदा मॉडलों को भी नए डिजाइन और फीचर्स के साथ अपडेट किया जाएगा. इसी क्रम में पल्सर 150 का फेसलिफ्ट संस्करण सामने आया है.

बाइक को नए डीकल्स दिए गए हैं, जो इसे पहले से ज्यादा स्पोर्टी और फ्रेश लुक देते हैं. सबसे बड़ा बदलाव इसके लाइटिंग सेटअप में देखने को मिल सकता है. रिपोर्ट के अनुसार, अब इसमें एलईडी हेडलाइट और एलईडी टर्न इंडिकेटर दिए जा सकते हैं, जो इस सेगमेंट में एक बड़ा अपग्रेड माना जा रहा है. इसके अलावा इंस्ट्रूमेंट कंसोल में भी बदलाव की उम्मीद है, ताकि राइडर को ज्यादा जानकारी और बेहतर अनुभव मिल सके.

ब्रेकिंग सिस्टम की बात करें तो नई पल्सर 150 में सिंगल चैनल एंटी लॉक ब्रेकिंग सिस्टम मिलेगा. आगे की तरफ 260 मिलीमीटर का डिस्क ब्रेक और पीछे की तरफ 130 मिलीमीटर का ड्रम ब्रेक दिया गया है. दोनों पहियों में 17 इंच के अलॉय व्हील मिलते हैं, जिन पर ट्यूबलेस टायर लगाए गए हैं.